स्वच्छ खाटूधाम

खाटू आ कर हम सबको ये,करना है इक काम
स्वच्छ और सुंदर रखना है,अपना खाटू धाम
स्वच्छता दल का नारा_स्वच्छ हो खाटू हमारा
करो संकल्प ये प्यारा....
यही संकल्प हमारा....स्वच्छ....

पावन धाम है श्याम का,हम,श्याम से मिलने आते
आकर यहां पे गंदगी,हम, यहां वहां फैलाते
देख के ये सब,रोता होगा,मेरा बाबा श्याम
स्वच्छ. और सुंदर रखना है....

कचरे को कचरे की,पेटी में ही डाले
ये थोड़ी सी ज़िम्मेदारी, ख़ुद भी आप संभाले
स्वच्छ दिखेगा,खाटू ,इसका,यही है एक निदान
स्वच्छ. और सुंदर रखना है...

खाटू आने वालों सुनो,है,यही निवेदन दिल से
खाटू नगरी स्वच्छ रखेंगे,आओ हम सब मिलके
कुंदन,स्वच्छता ,सेवा दल का,होगा यही सम्मान
स्वच्छ. और सुंदर रखना है...

लेखक - कुन्दन अकेला
संगीत - मंगल रत्नेश
गायक - प्रतोष शर्मा "फ़कीरा 9368215441

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21382/title/swachch-khatu-dham

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |